''काशी सांसद टूरिस्ट गाइड प्रतियोगिता–2025'' का दिनांक 20 से 28 मार्च,25 के मध्य आयोजन किया जायेगा

''काशी सांसद टूरिस्ट गाइड प्रतियोगिता–2025'' का आयोजन दिनांक 20फरवरी,2025 से प्रस्तावित थी। शहर में महाकुम्भ के दृष्टिगत अत्यधिक भीड़ होने के कारण स्कूल/कालेज बन्द होने एवं अभिभावकों के अनुरोध के फलस्वरुप उक्त प्रतियोगिता की तिथि संसोधित करते हुए दिनांक 20 से 28 मार्च,2025 के मध्य आयोजित की जायेगी।

- ''काशी सांसद गाइड प्रतियोगिता'' दो आयु कैटेगरी में आयोजित की जायेगी कमशः 18 वर्ष से कम एवं 18 वर्ष से अधिक, जिसमें सभी आयु वर्ग के काशी लोक सभा क्षेत्र के तीन विकास खण्ड काशी विद्यापीठ, आराजीलाइन्स, सेवापुरी एवं नगर निगम के समस्त पॉच जोन के व्यक्ति प्रतिभाग कर सकेगें।
- प्रतियोगिता मुख्य रुप से निम्न 10 थीम पर आयोजित की जायेगीः– 1– काशी के घाट, 2–श्री काशी विश्वनाथ मन्दिर, 3– सारनाथ, 4–काशी का इतिहास, 5– काशी के त्यौहार, 6– काशी के हैन्डीकाफ्ट, 7– काशी एवं धर्म, 8– काशी के संत(कबीर, तुलसीदास, रविदास आदि), 9– काशी एवं संगीत, 10– काशी के खानपान।
- प्रतियोगिता तीन इवेन्ट्स में आयोजित की जायेगी– 1– डेक्लेमेशन एवं प्रजेन्टेशन, 2– निबन्ध, 3–इन्स्टाग्राम पर रील मेकिंग।

1– **डेक्लेमेशन एवं प्रजेन्टेशनः**– प्रथम चरण विकास खण्ड एवं जोन स्तर पर दिनांक **20 से 21 मार्च,2025** को आयोजित की जायेगी। प्रत्येक प्रतिभागी को संबन्धित थीम पर आधारित प्रजेन्टेशन हेतु अधिकतम 5 मिनट दिया जायेगा। प्रतियोगिता कुल 50 अंकों की होगी।
2– **निबन्धः**–प्रथम चरण विकास खण्ड एवं जोन स्तर पर दिनांक **22 मार्च,2025** को आयोजित की जायेगी, प्रतियोगिता में संबन्धित 10 थीम में से किसी एक थीम पर पर 250 शब्द का निबन्ध होगा।
3– **रील मेकिंगः**–सभी प्रतिभागी को **दिनांक 20 से 28 मार्च,2025** तक अपनी रील संबन्धित थीम का नाम लिखकर इन्स्टाग्राम **@varanasismartcity** को टैग कर रील अपलोड करनी होगी।
4–जनपद स्तर की फाइनल प्रतियोगिता **दिनांक 28–03–2025** को आयोजित की जायेगी, वेन्यू की सूचना पृथक से दी जायेगा।
5– प्रतियोगिता हेतु पंजीकरण की **अंतिम तिथि 15–03–2025** होगी।

उक्त प्रतियोगिता हेतु एक बेवसाइट https://kashisansadtouristguide.com विकसित की गयी है, जिस पर प्रतियोगिता की गाइडलाइन एवं अन्य विस्तृत जानकारी उपलब्ध है। **प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु पंजीकरण प्रारम्भ है।** काशी संसदीय क्षेत्र के समस्त सम्मानित नागरिकों/आमजन को सूचित किया जाता है कि उक्त से अवगत होते हुए प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के इच्छुक व्यक्ति उक्त बेवसाइट पर अपना पंजीकरण करा सकते है।

10/3/25
CRO-Vns

Scanned with OKEN Scanner